मीट में मिला मोटिवेशन

मेट्रो रिपोर्टर

जयपुर ■ 15 दिसंबर

फिक्की फ्लो की ओर से सोमवार को जगतपुरा स्थित एक होटल में इंटर स्टेट मीट आयोजित हुई। मीट में जयपुर सहित देशभर के दस चैप्टर के फ्लो मेम्बर्स ने हिस्सा लिया।

मीट का उद्घाटन जयपुर मेयर निर्मल नहाटा ने किया। कन्वर्जन्स 2014: मीटिंग ऑफ माइंड्स- वुमन लीडिंग चैंज थीम पर शुरू हुई इस दो दिवसीय मीट की शुरुआत मोटिवेश लेक्चर के साथ हुई। एजुकेशनिस्ट प्रो. रमेश अरोड़ा की ओर से दिए गए इस लेक्चर को फ्लो मेम्बर्स ने अटेंड किया।

वुमन एंटरप्रेन्योरशिप और प्रोफेशनलिज्म को प्रमोट करने के उद्देश्य से आयोजित इस मीट में आभा डालमिया, नमिता गौतम, मालविका रॉय, किरण गेरा, कुसुम अंसल, कविता डी. चटर्जी, अंजना सोमानी, दिव्या सूरी और नीना मल्होत्रा सहित विभिन्न फील्ड की एक्सपर्ट ने हिस्सा लिया। मीट में चेन्नई, मुम्बई, हैदाबाद, कोयम्बटूर, कोलकत्ता, लुधियाना, नॉर्थ ईस्ट, अहमदाबाद और जयपुर चैप्टर के मेम्बर्स शामिल हुए। इस अवसर पर सभी फ्लो चैप्टर के मेम्बर्स ने अपने-अपने चैप्टर की ओर से हो रही बेस्ट एक्टिविटी को बताया। इसी के साथ, फ्लो चेयरपर्सन ने बताया कि 'स्वच्छ भारत अभियान' को फ्लो के डिफरेंट चैप्टर्स किस तरह से आगे बढ़ा रहे हैं। लेक्चर के साथ ही हाट बजार की शुरुआत हुई। इस बाजार में फ्लो मेम्बर्स की ओर से डिजाइन ज्वैलरी और ड्रेसेज को प्रदर्शित किया गया।

इंटर स्टेट मीट